न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, फूलियाकंला जिला शाहपुरा (राज.)

प्रकरण संख्या – 55/2024 पीठासीन अधिकारी – राजकेश मीना (आर.ए.एस.)

उनवान

1 गंगाराम पिता हजारी गुर्जर उम्र वयस्क निवासी सरदारपुरा (अरवड) तहसील फूलियाकलां जिला, शाहपुरा

-----(प्रार्थी)

बनाम

1 जीवराज पिता सोजी गुर्जर उम्र वयस्क निवासी सरदारपुरा (अरवड) तहसील फूलियाकलां जिला, शाहपुरा
2 पन्नालाल पिता हजारी गुर्जर उम्र वयस्क निवासी सरदारपुरा (अरवड) तहसील फूलियाकलां जिला, शाहपुरा
3 अमरा पिता मांगीलाल गुर्जर उम्र वयस्क निवासी सरदारपुरा (अरवड) तहसील फूलियाकलां जिला, शाहपुरा
4 रामकरण पिता धन्ना गुर्जर उम्र वयस्क निवासी सरदारपुरा (अरवड) तहसील फूलियाकलां जिला, शाहपुरा
5 मेवा पिता लादू गुर्जर उम्र वयस्क निवासी सरदारपुरा (अरवड) तहसील फूलियाकला जिला, शाहपुरा
6 सुखदेव पिता कल्याण कुमावत उम्र वयस्क निवासी सरदारपुरा (अरवड) तहसील फूलियाकलां जिला, शाहपुरा
7 मोहन पिता कल्याण कुमावत उम्र वयस्क निवासी सरदारपुरा (अरवड) तहसील फूलियाकलां जिला, शाहपुरा
8 मनभर पत्नी लाला गुर्जर उम्र वयस्क निवासी सरदारपुरा (अरवड) तहसील फूलियाकलां जिला, शाहपुरा
9 भूमिधारी तहसीलदार फुलियाकला जिला शाहपुरा

--------(अप्रार्थीगण)

उपस्थित–

प्रार्थी अधिवक्ता---- श्री शिवराज शर्मा

प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 128, रा.भू.राजस्व अधिनियम 1956 बाबत कराने पत्थरगढ़ी आराजीयात

दिनांक – 16.05.2024

निर्णय

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 111, 128 रा.भू.राजस्व अधिनियम 1956 इस न्यायालय मे दिनांक 15.03.2024 का प्रस्तुत कर निवेदन किया कि वाके **ग्राम सरदारपुरा पटवार मण्डल अरवड पेटा भू.अ.नि. अरवड तहसील फुलियाकंला मे उसके खाते की कृषि भूमि खतौनी संख्या 161 के आ.न. 164, 437/163 किता 2 रकबा 0.09 हैक्टयर, एवं खतौनी संख्या 24 के आराजी संख्या 435/325 रकबा 1.08 हैक्टयर भूमि** स्थित हैं। उक्त वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पड़ौसीगण/सहखातेदारान हैं। प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य आराजीयात के सीमा चिह्न नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता हैं। जिससे कि प्रार्थी अपने खाते की कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता हैं। प्रार्थनापत्र स्वीकार किया जाकर पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थनापत्र इस न्यायालय मे दिनांक 19.03.2024 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षीगणों को वजह जाहिर करने हेतु नोटिस जारी किये गये। विपक्षीगणो को जारी नोटिस बाद तामील रिकार्ड पर उपलब्ध है। किन्तु सूचित होने के उपरान्त भी विपक्षीगण नियत सुनवाई पर वास्ते अपना पक्ष रखने, हाजिर नही होने से उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही के आदेश पारित किये गये। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थीगण को सुना गया। प्रस्तुत बहरा प्रार्थनापत्र पर गौर किया गया। पत्रावली व पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व अभिलेखों का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य प्रमाणित है कि वादग्रस्त भूमि प्रार्थी के खाते की कृषि भूमि हैं और इस प्रकार न्यायिक दृष्टि से एक खातेदार अपने खाते की कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का हकदार हैं। अतः प्रार्थनापत्र प्रार्थी न्याय हित मे स्वीकार योग्य प्रतीत होता है।

आदेश

प्रार्थी का प्रार्थनापत्र विरूद्ध विपक्षीगण स्वीकार किया जाकर वाके **ग्राम सरदारपुरा पटवार मण्डल अरवड पेटा भू.अ.नि. अरवड तहसील फुलियाकंला मे उसके खाते की कृषि भूमि खतौनी संख्या 161 के आ.न. 164, 437/163 किता 2 रकबा 0.09 हैक्टयर, एवं खतौनी संख्या 24 के आराजी संख्या 435/325 रकबा 1.08 हैक्टयर,** भूमि की पत्थरगढी बसामलात पक्षकारान की जाने का आदेश पारित किया जाता है। उक्त आदेश की पालना के लिए भू–अभिलेख निरीक्षक अरवड को नियमानुसार फीस पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस प्रार्थी द्वारा अदा की जायेगी। भू–अभिलेख निरीक्षक पत्थरगढी से न्यूनतम तीन दिन पूर्व सभी पडौसियान को उपरोक्त आराजियात की पत्थरगढी हेतु लिखित सूचना पत्र से समय एवं तिथि बाबत् सूचित करेंगे। मौके पर विवाद होने, किसी अन्य न्यायालय से आराजीयात पर स्थगन होने की दशा में तथा मौके पर खड़ी फसल होने की स्थिति में पत्थरगढी नहीं की जावें। पक्षकारान उभयपक्ष की मौजूदगी मे ही पत्थरगढी की जावें। मुस्तकीन बिन्दू को आधार मानकर पत्थरगढी किए जाने का आदेश प्रदान किया जाता है। आदेश की प्रति पालनार्थ तहसीलदार फुलियाकंला को भिजवाई जावे। खर्चा फरीकेन अपना अपना वहन करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

यह आदेश आज दिनांक 16.05.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(राजकेश मीना)
उपखण्ड अधिकारी,
फुलियाकला, जिला शाहपुरा